महत्वपूर्ण

**प्रेषक,**

**निदेशक,**
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

**सेवा में,**

**समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक:- 154 /उ0प्र0प0चि0परि0/2015-16 दिनाँक:- 16-10-2015

**विषय:-** **भारतीय पशुचिकित्सा परिषद, नई दिल्ली द्वारा पशुचिकित्सा सेवाओं के रेगुलेशन के परिपेक्ष्य में तैयार मॉडल ड्राफ्ट के संबंध में।**

महोदय,

कृपया भारतीय पशुचिकित्सा परिषद, नई दिल्ली द्वारा पशुचिकित्सा सेवाओं के रेगुलेशन के परिपेक्ष्य में मॉडल ड्राफ्ट तैयार किया गया है। जिसका केन्द्र सरकार के अनुमोदन के उपरान्त राज्यों में कियान्वयन किया जाना है। अध्यक्ष, भारतीय पशुचिकित्सा परिषद, नई दिल्ली द्वारा तैयार आलेख्य पर पशुपालन विभाग, उ0प्र0 से महत्वपूर्ण सुझाव/टिप्पणी यदि कोई हो तो उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। भारतीय पशुचिकित्सा परिषद द्वारा तैयार की गयी उपरोक्त ड्राफ्ट विभागीय वेबसाइट-**http://animalhusb.up.nic.in** पर अपलोड की जा चुकी है। जो **What's New** के स्तम्भ में उपलब्ध है।

अध्यक्ष, भारतीय पशुचिकित्सा परिषद, नई दिल्ली द्वारा तैयार आलेख्य पर जनपदीय पशुचिकित्साविदों से विचार-विमर्श कर महत्वपूर्ण सुझाव/टिप्पणी यदि कोई हो तो उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। इस कार्य हेतु शासन स्तर पर बैठक आहूत की जानी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त आलेख का गहनतापूर्वक अध्ययन कर अपने महत्वपूर्ण सुझाव/टिप्पणी/संस्तुति से एक सप्ताह के भीतर विशेष पत्र वाहक/फैक्स/ई-मेल के माध्यम से प्रत्येक दशा में अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

**(डा0 राजेश बाबू)**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।